हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 6 मई 2026


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर की जीत पर जमकर ...





12 शिवरतन ने सुनीं जनसमस्याएं, बिजली...






## खबर संक्षेप

### पुलिस ने ग्रामीणों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी



**पलारी।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना पलारी पुलिस द्वारा ग्राम गातापार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक परिवेश तिवारी थाना प्रभारी पलारी द्वारा साइबर अपराध से रोकथाम के लिए जागरूक करते हुए विस्तृत जानकारी दिया गया। सांथ ही नशा मुक्ति के लिए सामूहिक चर्चा किया गया, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों से ग्रामवासियों को अवगत कराते हुए ग्राम गातापार को अपराध मुक्त ग्राम बनाने के लिए संकल्प लिया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं द्वारा ग्राम में महिला कमांडो का गठन कर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण करने एवं रोक लगाने के प्रयास पर सहमती जताया गया। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं, पंच, ग्राम सरपंच एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन लालतीन पति तिरिथ राम, निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी क्री तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने एक साउंड सिस्टम के संचालक को देर रात तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाने के आरोप में कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने पंकज पंजवानी को गिरफ्तार किया है। पंकज पर आरोप है कि वह रविवार देर रात 1 बजे महावीर नगर में तेज आवाज में साउंड सिस्टम में गाना बजा रहा था।

### फ्रेंचाइजी देने का झांसा 33 लाख की ठगी

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक कारोबारी ने दिल्ली के तीन जालसाज तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रतीक साहू ने मेसर्स टास्कर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के संचालक अमनदीप पाल, प्रशुन पाल, उत्कर्ष कश्यप तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। प्रतीक ने पुलिस को बताया कि जालसाजों ने उन्हें टास्कर ग्लोबल का फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर फर्जी इकरारनामा कर 33 लाख रुपए की ठगी की है। अमनदीप तथा उसके साथियों के खिलाफ दुर्ग के अलावा हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश में ठगी का अपराध दर्ज है।

### चिकन सेंटर के कर्मचारी पर जानलेवा हमला

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक महिला ने दो बदमाशों के खिलाफ अपने पति की हत्या करने की नीयत से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घरों में झाड़ू-पोंछा करने वाली रायपुरा, साहूपारा निवासी संध्या ढीमर ने जय तथा गोपाल ध्रुव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति अजय चिकन सेंटर में काम करता है। रविवार देर रात संध्या घर के बाहर अपने पति के चीखने की आवाज सुनकर बाहर निकली।

---

**मौसम : मेंटेनेंस की तैयारियों की पोल पहली ही आंधी में खुली**

# आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में मंगलवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज धूलभरी आंधी, अंधड़ तथा बारिश ने पूरे शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण नगर के कई हिस्सों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क किनारे लगे होर्डिंग, बैनर और पोस्टर उड़ गए, वहीं कई स्थानों पर कमजोर पेड़ और टहनियां गिरने की भी सूचनाएं सामने आई हैं। अचानक बदले मौसम के चलते लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन तेज हवाओं ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया। आंधी शुरू होते ही नगर की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद हो गई। देर शाम होते-होते पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि विद्युत मंडल द्वारा किए जा रहे प्री-मानसून मेंटेनेंस की तैयारियों की पोल पहली ही आंधी में खुल गई। कई मोहल्लों में देर रात तक बिजली बहाल नहीं हो सकी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार यह परिवर्तन प्री-मानसून गतिविधियों और वातावरण में बनी चक्रवाती परिस्थितियों के कारण हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग रायपुर केंद्र ने आगामी दो से तीन दिनों तक गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक दक्षिण ओडिशा से तमिलनाडु तक बनी ट्रफ लाइन और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में मौसम अस्थिर बना हुआ है। कई जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है।

**तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश...**



**पलारी।** मंगलवार की देर शाम पलारी सहित अँचल में तेज हवा के साथ लगातार बारिश हुई जिससे मौसम सुहाना रहा वही उमस भरी गर्मी से परेशान आमजन थोड़ी राहत मिली है ।हालांकि मौसम खराब के चलते बिजली गुल रही लोगो के बीच थोड़ी परेशानी हुई।

### मौसम विभाग की चेतावनी, अभी और बदलेगा मिजाज




रियल टाइम मौसम अपडेट के अनुसार रायपुर-माना क्षेत्र में मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 2.9 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 6 और 7 मई को भी आंशिक बादल, गरज-चमक और धूल भरी आंधी की संभावना जताई है। अगले कुछ दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने, खुले मैदानों और कमजोर पेड़ों के नीचे खड़े न होने तथा बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। वहीं नगरवासियों ने विद्युत विभाग से मानसून पूर्व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

---

## ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर लगने से युवक घायल, प्लांट प्रबंधन पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के रवान स्थित सीमेंट प्लांट में ब्लास्टिंग के दौरान कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। ब्लास्टिंग के दौरान उड़कर आए पत्थर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने प्लांट प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ सुरक्षा मानकों में लापरवाही की आशंका, पुलिस जांच जारी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुडियाडीह निवासी चुकुराम गायकवाड 2 मई को अपने ससुराल रवान जा रहे थे। इस दौरान वे भाटापारा रोड स्थित जैन पेट्रोल पंप पर अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवा रहे थे। उसी समय रवान स्थित सीमेंट प्लांट के माइंस क्षेत्र में ब्लास्टिंग की जा रही थी। बताया जा रहा है कि ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर का एक टुकड़ा उड़कर युवक के दाहिने गाल एवं जबड़े में जा लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल से प्राप्त मेमो के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में ब्लास्टिंग के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं किए जाने की बात सामने आने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 एवं 125(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले में अपराध क्रमांक दर्ज कर सुरक्षा मानकों में हुई संभावित चूक की जांच की जा रही है।

---

## नवागांव, मोहतरा, भाटापारा लवन में समाधान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क्री उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 6 मई को ग्रामीण क्षेत्रों में 2 स्थान पर एवं 3 नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन होग़ा ।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत मोहतरा में शिविर आयोजित होग़ा जिसमें ग्राम पंचायत मुड़ियाडीह, मोहतरा बेमेतरा, रसेड़ी, रसेड़ा, ढाबाडीह, झोंका, खजुरी, लटुआ, सोनाडीह, बिटकुली, धनगांव, चरौटी, परसाभदेर (च ) मेढ, देवरी एवं भाठागांव के ग्रामीण शामिल होंगे। इसीतर विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत नवागांव शिविर में कामता, औरेठी, लांजा, बिनैका, केसदा, रिंगनी, झिरिया, डोंगरिया, पौसरी, कचलोन, मुसुवाडीह, बछैरा, बैकोनी, हरिनभट्ठा, खंडुवा नवागांव एवं दुलदुला शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण


▶▶ शेष पेज 10 पर


### अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश

नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका बलौदाबाजार में नगर पालिका कार्यालय, नगर भवन भाटापारा, नगर पंचायत लवन के गुरू घासीदास भवन में शिविर आयोजित होग़ा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क्री बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा ।शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होग़ा।

### कर्मचारियों से मारपीट करने वालों पर होगी एफआईआर

**बलौदाबाजार।** कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट करने वालों पर अब सीधे एफआईआर क्री कार्यवाही होगी। जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा इस सम्बन्ध में परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 5 के अनुसार जो भी अधिकारी एवं कार्मिक जनगणना कार्य में संलग्न है, वे सभी भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) के अर्थ में लोक सेवक समझ जाएंगे। जनगणना कार्य में संलग्न कार्मिक के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार निंदनीय है। जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 11 के अनुसार, जो भी ऐसे कर्तव्य का पालन करने में प्रतिबंधित या बाधित करेगा, वह कानूनी प्रावधानों के अनुसार दंडनीय होगा। शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कराएं।



## ट्रकों में तोड़फोड़ और चालकों से मारपीट करने वाले गैंग का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के निकट रिसदा बाईपास रोड पर सोमवार तड़के ट्रकों को रोककर गुंडागर्दी करने वाले एक गिरोह को सिटी कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया है। शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते हुए इन आरोपियों ने न केवल ट्रकों के शीशे तोड़े, बल्कि चालकों के साथ मारपीट कर जीपीएस सिस्टम तक उखाड़ दिए। पुलिस ने इस मामले में 3 बालिग और 2 विधि से संघर्षरत बालकों सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ट्रक चालक राजेश कुमार रविदास ओडिशा से माल लोड कर श्री सीमेंट फैक्ट्री आ रहा था। सोमवार सुबह करीब 5:00 बजे जब वह रिसदा बाईपास के पास पहुंचा, तभी आरोपियों ने अपनी दो मोटरसाइकिलों को ट्रक के सामने अड़ाकर रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने चालक को ट्रक से बाहर खींचकर गाली-गलौज की और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की।

■ चालक ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की



### मना करने पर हमला और तोड़फोड़

जब चालक ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने ट्रक में लगे जीपीएस सिस्टम को उखाड़ दिया। पत्थर मारकर अन्य ट्रकों के सामने के शीशे तोड़ दिए। कई अन्य ट्रक चालकों को भी अपना निशाना बनाने की कोशिश की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। वहां मौजूद ट्रक चालकों की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी से घेराबंदी कर सभी 5 आरोपियों को रंगे हाथों हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने शराब के लिए वसूली और तोड़फोड़ की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है 191(2), 296, 115(2), 351(2), 126(2), 324(4), 308(2)। आरोपी छत्रपाल यादव (19 वर्ष) निवासी ग्राम अमसेना (आरंग), वर्तमान पता- पुनीत ढाबा रिसदा रोड। नरेश कुर्रे (19 वर्ष) निवासी ग्राम छुईहा मालगुजारी।

भावेश वैष्णव (20 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 17, लोहिया नगर, बलौदाबाजार। दो विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग)। सभी आरोपियों को आज विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से बाईपास मार्ग पर चलने वाले ट्रक चालकों ने राहत की सांस ली है।

---

**यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 143 व्यक्तियों पर कार्रवाई**

# संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल पुलिस को सूचित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री ओम प्रकाश शर्मा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर प्रत्येक थाना एवं चौकी प्रभारियों को प्रतिदिन अपने थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख सड़क मार्ग, चौक चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर स्वयं उपस्थित रहकर चेकिंग अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देशों के परिपालन में 3 मई को शाम 05.00 बजे से रात्रि 08:00 तक जिले के महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

नाकाबंदी के दौरान अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। नाकाबंदी पॉइंट में संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों की उपस्थिति में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों, लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे रात्रि में बाहर निकलने कारण एवं यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 143 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही कर 8900 समन शुल्क वसूल किया गया है।






### समाधान हेल्पलाइन का करें उपयोग

नाकाबंदी अभियान पश्चात पुलिस बल द्वारा विजिबल पुलिसिंग के तहत क्षेत्र अंतर्गत बाजार एरिया, महत्वपूर्ण चौंक आदि में पैदल पेट्रोलिंग किया गया। भाटापारा शहर में शहर एवं ग्रामीण थाना प्रभारियों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा भाटापारा शहर में पैदल पेट्रोलिंग किया गया। इस दौरान क्षेत्र अंतर्गत होटल, ढाबा एवं रोड किनारे लगने वाले ठेला आदि की भी आकस्मिक चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा समस्त ढाबा एवं होटल संचालकों को स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया कि अपने प्रतिष्ठानों में किसी भी स्थिति में लोगों को शराब पीने ना दें, ऐसा करते पाए जाने पर शराब पीने वाले व्यक्ति के साथ-साथ ढाबा, होटल संचालक के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस आप सभी से अपील करती हैं कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर, तत्काल पुलिस को सूचित करें अथवा समाधान हेल्प हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर इसकी जानकारी प्रदान करें।

## अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**संडी बंगला।** जिले में संचालित समाधान सेल की मदद से पुलिस को एक और सफलता मिली है। थाना पलारी पुलिस ने ग्राम ससहा में अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम ससहा में घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी मिथलेश साहू (35 वर्ष) को अवैध रूप से देशी मसाला शराब बेचते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3900 मूल्य के 39 पाव देशी मसाला शराब जप्त किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ थाना पलारी में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।



### 22 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**गिधौरी ।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बलौदा सबरिया डेरा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी* को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 2200 कीमत मूल्य का 22 लीटर अवैध हांथ भट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- मंगल गोंड उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बलौदा थाना गिधौरी

# सीएस का आदेश- हर जिला अस्पताल में बने 10 बिस्तरों वाला नशामुक्ति केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने कहा है कि नशाखोरी से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिला अस्पताल में न्यूनतम 10 बिस्तरों वाला नशा मुक्ति केंद्र अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। आवश्यकतानुसार जिलों में नए नशा मुक्ति केंद्रों का संचालन शुरू किया जाए।

नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। पुनर्वास और सहायता के लिए जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर (1333) का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो। सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की दूसरी तिमाही की बैठक में उन्होंने विभिन्न एजेंसियों द्वारा की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने यह बात कही है। उन्होंने राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी और नशाखोरी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अधिकारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफीम की अवैध खेती और ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।




### निगरानी और तस्करी पर अंकुश

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस, डाक विभाग और निजी कूरियर सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने परिवहन और कूरियर सेवाओं पर कड़ी निगरानी रखने तथा तस्करी में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को राजसात कर उनकी नीलामी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। साथ ही, अवैध रूप से संचालित केमिकल ड्रग प्रयोगशालाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध तत्काल छापेमारी और निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

### शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा

बैठक में युवाओं को नशे की चपेट से बचाने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे को ड्रग मुक्त क्षेत्र घोषित कर वहां सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने जब्त किए गए मादक पदार्थों के विनिष्टीकरण की प्रक्रिया को भी तेज करने को कहा।

### प्रमुख अधिकारी हुए शामिल

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में डीजीपी अरुण देव गौतम, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, गृह सचिव नेहा चम्पावत सहित समाज कल्याण, आबकारी, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारी, सभी संभागायुक्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### सेजेस परसापाली विद्यालय का 10वीं में 100% परिणाम

**बिलाईगढ़।** अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सेजेस परसापाली ने इस वर्ष कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी विद्यार्थी





परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है। इस वर्ष छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में दीपक साहू (92.82%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्या (85.83%) द्वितीय एवं दीपक (82.83%) तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके निरंतर प्रयास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा।

### विधायक संगीता बनीं प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव किया गया है। ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा को छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार, संगीता सिन्हा आगामी स्थायी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। संगठन में यह बदलाव आगामी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए किया गया है। संगीता सिन्हा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने से महिला कांग्रेस में नए सिरे से सक्रियता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दीपेश बने आदिवासी कांग्रेस के शहर अध्यक्ष

**रायपुर।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की अनुसंशा पर आदिवासी कांग्रेस ने 9 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। नियुक्त किए गए जिलाध्यक्षों में दीपेश कृपाल को रायपुर शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ठाकुर ने जारी आदेश में सभी जिलाध्यक्षों से कहा है, संगठन को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पेयजल संकट पर तय हो जवाबदेही

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिले में पानी की समस्या को लेकर सरकार को घेरा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विजय झा, प्रदेश सचिव अनुषा जोसेफ और अजीम खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, चंगोराभाटा, रायपुरा, मोवा, पंडरी, सक्ति नगर, दलदल सिवनी,सुंदर नगर सहित कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर हैं। जोन 3 के खम्हारडीह का पूरा इलाका,जहां लगभग 30 हजार लोग रहते हैं वहां 90 प्रतिशत आबादी पेयजल संकट से गुजर रही हैं। जोन-5 के वार्ड 3, वार्ड 67, वार्ड 68 और वार्ड 69 में के साथ जोन 6 के प्रोफेसर कॉलोनी, शिवाजी नगर, परशुराम नगर, मारुति नगर में आधा हिस्सा पानी की कमह से प्रभावित है।

### एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और रैली निकालकर जश्न मनाया

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर क्षेत्र में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

असम बंगाल सहित तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार बनने पर अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह का माहौल है। निर्णायक मतगणना के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और रैली निकालकर जश्न मनाया। भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार सभापति ईशान वैष्णव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूरे चुनाव की समीक्षा भी की साथ ही भाजपा की जीत के बाद अपने साथियों के साथ मुँह मीठा कर अर्जुनी बस स्टैंड हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर जमकर पटाखे फोड़े और कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटा। इस दौरान वैष्णव ने कहा पश्चिम बंगाल की जनता ने इस ममता के दोगली और दोहरी दमनकारी सरकार को हटाकर देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर भरोसा जताया है जिसका परिणाम हम सभी उत्साहित रूप से देख ही रहें है क्योंकि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ राष्ट्र हितैषी पार्टी है जो पूरे देश में गातार चौतरफा विकास कर रही हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व सहकारी समिति अर्जुनी के अध्यक्ष जवाहर लाल वर्मा, शंकर लाल रजक, संतोष वर्मा, मोहन वर्मा, प्रेमचंद वर्मा, गुरुचरण वर्मा, प्रेम साहू सहित भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।



### जनता के अटूट विश्वास से मिली ऐतिहासिक जीतः साहू

अर्जुनी। बलौदाबाजार भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री पूर्व सैनिक ग्राम पंचायत अर्जुनी के उपसरपंच एवं तहसील साहू संघ बलौदाबाजार के संगठन सचिव विष्णु साहू ने पश्चिम बंगाल असम और



पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की गरीब कल्याण स्वास्थ्य आवास स्वच्छता और वित्तीय समावेशन जैसी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग तक सीधा लाभ पहुंचाया है। इन योजनाओं से न केवल लोगों का जीवन स्तर बेहतर किया बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे को भी मजबूत किया है। विष्णु साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी,जवाबदेह और विकासोन्मुखी शासन स्थापित हुआ है। सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास,के मंत्र ने हर क्षेत्र में समावेशी विकास को गति दी है। जिसका परिणाम चुनावी जीत के रूप में सामने आया है। श्री साहू ने कहा कि यह जनादेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता विकास स्थिरता निर्णायक नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से यह जीत संभव हुई है। यह जीत जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी बढ़ाती है। भाजपा सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को आगे बढ़ाएगी।

## पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर की जीत पर जमकर फूटे पटाखे



**भटगांव।** पूरब से पश्चिम तक उत्तर से दक्षिण तक पूरा देश भगवामय हुआ । इस खुशी पर आज जब पूरे देश में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मना कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की ।

आज भाजपा मंडल भटगांव में भाजपा के पूरे कार्यकर्ता दमदमा चौक बस स्टैंड भटगांव में पश्चिम बंगाल, असम, पाण्डिचेरी की जीत पर फटके फोड़कर एक दूसरे को मिठाई खिला कर केसरिया लहरा कर जश्न मनाया। वही भाजपा मंडल भटगांव के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जहां जन्म लिए मुखर्जी वह बंगाल हमारा है इस नारा को हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की मेहनत के दम पर पश्चिम बंगाल में कमल खिला है इस खुशी पर हम कार्यकर्ता यहां जश्न मना रहे है । इस अवसर पर भाजपा मंडल भटगांव के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### भाजपा युवा मोर्चा ने मनाया जीत का जश्न



**बलौदाबाज़ार ।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा सरकार बनने के बाद बलौदा बाजार भाजपा युवा मोर्चा ने गार्डन चौक में जबरदस्त आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया साथ ही इसे जनता कि ही जीत बताया, उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आगे आने वाले चुनाव में भाजपा कि लहर बने रहने का दावा किया । इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ नेता नरेश केशरवानी, जिला अध्यक्ष भाजयुमो प्रणम्य पांडे, भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष तरुण वर्मा,

# जिले की 4 स्वास्थ्य संस्थाएं हुईं एनक्यूएएस प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

> ■ अब तक जिले में कुल 54 एनक्यूएएस प्रमाणित संस्थाएं

जिले में स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में एक बार पुनः प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है ।

इस बार आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहरा 94.16 मोहभट्ठा 92.61सकलोर 95.36 प्रतिशत के साथ एनक्यूएएस प्रमाणित हुआ जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दतान को 88.59 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं । इसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 12 सेवाओं तथा पीएचसी को 6 विभागों हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि एनक्यूएएस निरीक्षण में सेवा प्रावधान, मरीजों के अधिकार, बुनियादी ढांचा, नैदानिक सेवाएं और संक्रमण नियंत्रण जैसे प्रमुख क्षेत्रों का मूल्यांकन किया जाता है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।




बेहतर प्रदर्शन करने वाले केंद्रों को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन मिलता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ती है। जिले में अब तक कुल 54 संस्थाएं इस प्रमाण पत्र को प्राप्त कर चुकी हैं। इसमें जिला अस्पताल और सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 35 आयुष्मान आरोग्य मंदिर सम्मिलित हैं। 6 संस्थाओं के परिणाम अभी आने बाकी हैं।

# तिल्दा और हरदी में ट्रैक्टरों से रेत का अवैध परिवहन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के लवन तहसील अन्तर्गत महानदी किनारे बसे ग्राम पंचायत तिल्दा, ग्राम पंचायत हरदी में लंबे समय से रेत के अवैध कारोबारियों का डंका बज रहा है जिस पर शिकायत पर समय समय पर महज खानापूर्ति कार्रवाई होते रहा है लेकिन पूरी तरह से बड़ी औरठोस कार्रवाई कैसे होगा यह विभाग के लिए बहुत बड़ी सवाल आज भी कायम है कैसे इस अवैध खनन और परिवहन के बड़े नेटवर्क को रोका जाए आज भी खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। ग्राम पंचायत तिल्दा जिला मुख्यालय बलौदाबाजार का रेत तस्करो में लिप्त लोगों के लिए मुख्यालय बन गया है यही से बड़े पैमाने पर रेत की अवैध खनन एवं परिवहन लगातार जारी है। जिससे रोजाना हजारों रुपये की राजश्व घाटा शासन प्रशासन को उठाना पड़ा है। तिल्दा के 08 रेत चोर, चोरी के आरोप में 19 नवम्बर 2025 को बलौदाबाजार जिला जेल जाकर आ चुके हैं फिर भी यहां इनके मनोबल में कोई गिरावट नहीं हुआ है। तिल्दा में एक रेत तस्कर ऐसे भी है जो सबका सरगना है।और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की श्रेणी में है। इस मामले में खनिज निरीक्षक मोनिका चौहान बलौदाबाजार ने बताया कि कार्रवाई होगी।

## राज ने 41वीं बार रक्तदान कर बचाई मासूम की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

कसडोल निवासी राज सोनी कहते हैं कि रक्तदान महादान है। और इस कहावत को कसडोल के सुप्रसिद्ध समाजसेवी राज सोनी ने एक बार फिर चरितार्थ कर दिखाया है। अपनी सेवाभावी छवि के लिए पहचाने जाने वाले राज सोनी ने हाल ही में 41वीं बार रक्तदान कर मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की है।तत्परता और सेवा का संगम मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 के निवासी पुरुषोत्तम साहू की पुत्री (फिरतिन



बाई साहू की सुपुत्री) को उपचार के दौरान अचानक रक्त की सख्त आवश्यकता पड़ी। परिवार वाले संकट में थे और रक्त की तलाश कर रहे थे। जैसे ही इस बात की सूचना राज सोनी को मिली उन्होंने बिना एक पल गंवाए अपनी बाइक उठाई और सीधे अस्पताल पहुँच गए। वहां उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के रक्तदान कर मरीज की सहायता की।41 बार का अटूट संकल्प राज सोनी पिछले कई वर्षों से जनसेवा और समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहे हैं। यह उनके जीवन का 41वां रक्तदान था। उनके लिए यह केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक मिशन है। राज सोनी का मानना है कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हमारे थोड़े से प्रयास से यदि किसी का जीवन बच सकता है तो इससे बड़ा सौभाग्य और कुछ नहीं हो सकता।

### बैज बोले- चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं

**रायपुर ।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केरल की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया। वहां कांग्रेस की सरकार बनेगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केरलम की जनता को हार्दिक धन्यवाद देती है कि उन्होंने यूडीएफ को भारी बहुमत से सेवा का मौका दिया है। केरलम की जनता ने जो विश्वास हम पर जताया है, हम उस पर खरा उतरेंगे।उन्होंने कहा, केरलम को छोड़कर जो अन्य नतीजे आये हैं, वो कांग्रेस पार्टी की उम्मीदों से कम हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ना निराश है ना हताश। हम विचारधारा की लड़ाई लड़ रहे हैं। एकतंत्र और झूठ के खिलाफ लोकतंत्र और सच की लड़ाई का रास्ता हमेशा लंबा और कठिन होता है। परंतु हम संकल्प और दृढ़ता से एक होकर आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, आसाम में चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओ के अनुरूप नहीं आये।

पेज 9 का शेष

### नवागांव, मोहतरा,...

विकास विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग, कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग,समाज कल्याण विभाग, खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर में अधिक से अधिक लोगों क़ी उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।



# श्रद्धासुमन-स्मृतिशेष



जन्म : 06 मई 1925

अवसान: 09 फरवरी 2006

## पं. बंशराज तिवारी जी

विधायक बलौदाबाजार (1977-80)

**पूज्य बाबू जी**

आपके कर्म हमारी प्रेरणा है...
आपके विचार हमारे पथ प्रदर्शक हैं...
आपकी स्मृतियां ही हमारा संबल...

**101वीं जन्मजयंती 06 मई 2026**

## पं. बंशराज तिवारी जी

अधिवक्ता एवं समाजसेवी

**श्रद्धावनत :**

अशोक तिवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी, विनोद तिवारी, विपिन तिवारी, विष्णु प्रसन्न तिवारी, डॉ. अरविंद-डॉ. आशा द्विवेदी, विवेक आनंद, अभिषेक, दुष्यंत, डॉ. नितिन, प्रत्यूश, प्रांजल, अमृतांश एवं समस्त तिवारी परिवार बलौदाबाजार

# स्व. पं. श्री बंशराज तिवारी जी

(अधिवक्ता समाजसेवी एवं पूर्व विधायक बलौदाबाजार)

की पुण्य स्मृति 101 वीं जन्मजयंती पर आयोजित

## 20 वें नि:शुल्क रोग निदान शिविर का

शुभारंभ

**माननीय श्री गणेशशंकर मिश्रा जी**

(सेवानिवृत्त IAS)
उपाध्यक्ष छत्तीसगढ नीति आयोग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया जाएगा।
जिसमे आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है



**श्री गणेशशंकर मिश्रा जी**
मुख्य अतिथि

### शिविर में

• नेत्र रोग • उदर रोग • अस्थि रोग • स्त्री रोग • दंतरोग
• मधुमेह • रक्तचाप • हाइड्रोसील • हार्निया • बवासीर

**कार्यक्रम**

दिनांक : 6 मई 2026 दिन बुधवार
समय : प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक
स्थान : चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल

**पता : सिटी कोतवाली के सामने, भाटापारा रोड बलौदाबाजार (छ.ग.)**


## सेवा समर्पण - जनकल्याण का पर्याय

CDTH Chanda Devi Tiwari Hospital

NABH PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE CERTIFIED

# चंदादेवी तिवारी हॉस्पिटल



**क्षेत्र का पहला Cardiac CATH Lab centre**

"सेवा-समर्पण-जनकल्याण का पर्याय"

**सर्वप्रथम उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाएं...**

- स्टेट ऑफ दि आर्ट एडवांस एंडोस्कोपी & लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- नार्मल एवं सिजेरियन प्रसव
- हैपा फिल्टर युक्त मॉड्यूलर ICU NICU & OT
- स्टेट ऑफ दि आर्ट हाई एंड वेंटिलेटर मशीनें
- फ्रेक्चर एवं एक्सीडेंट मैनेजमेंट
- नियोनेटल एवं पीडियाट्रिक सर्जरी यूनिट
- कैथ लैब (एंजियोप्लास्टी-एंजियोग्राफी)
- कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी यूनिट
- ह्रदय रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी
- किडनी एवं मूत्र रोग
- बर्न यूनिट, डायलिसिस यूनिट
- नेत्र चिकित्सा व ऑपरेशन थियेटर
- 4D कलर सोनोग्राफी
- मॉडर्न पैथोलॉजी लैब
- डिजिटल एक्स रे
- मल्टी स्लाइस सी.टी. स्कैन
- 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा सुविधा
- प्राइवेट सुइट्स एवं पर्सनल रूम्स

सर्व सुविधायुक्त, सुसज्जित **150** बिस्तरों का अस्पताल

## आयुष्मान कार्ड, ई. एस. आई. सी व अन्य बीमा कंपनियों द्वारा कैशलेस उपचार

सिटी कोतवाली के सामने, भाटापारा रोड, बलौदाबाजार (छ.ग.) 9111705555


संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 99262-04007

## खबर संक्षेप

### रोड रेज विवाद में दो पक्ष भिड़े, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में संजय नगर, राजातालाब के आदतन बदमाश रोड रेज विवाद पर आपस में भिड़ गए और एक दूसरे के साथ मारपीट की। राजातालाब के बदमाश ने संजय नगर के बदमाश पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं संजय नगर के बदमाश ने चाकू से हमला करने वाले बदमाश के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। चाकू मारने वाले बदमाश के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश का अपराध दर्ज किया है। संजय नगर वासी मोहम्मद असफाक की शिकायत पर पुलिस ने सागर यादव तथा सागर की शिकायत पर पुलिस ने असफाक तथा अजहान खान को गिरफ्तार किया है। असफाक ने पुलिस को बताया है कि वह बाइक से अपने घर जा रहा था। इस दौरान बांबे मार्केट के पास एक भोजनालय के सामने उसकी तथा सागर की बाइक की आपस में एक दूसरे के साथ टक्कर हो गई। बाइक टक्कर होने के बाद दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई। इस दौरान सागर ने जेब से चाकू निकालकर असफाक के चेहरे तथा जांघ में चाकू से हमला कर दिया।

### पिंक पेट्रोलिंग यूनिट ने युवती को दी मदद

**रायपुर।** पिंक पेट्रोलिंग यूनिट को सूचना मिली कि एक अनजान युवती पूजा (23 वर्ष) शिव मंदिर डगनिया बाजार के पास सुबह से डरी-सहमी अवस्था में बैठी है। सूचना पर पश्चिमी जोन की पिंक पेट्रोलिंग यूनिट तुरंत मौके पर पहुंची और युवती से संवेदनशीलता के साथ पूछताछ की। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह अपनी बुआ के घर तेलीबांधा गई थी और वहां से वह सहेली के घर सुंदर नगर जाने के लिए निकली थी, लेकिन सही पता न होने के कारण रास्ता भटक गई। मोबाइल फोन साथ न होने से वह अपने परिजनों से संपर्क भी नहीं कर पा रही थी, जिससे वह घबरा गई थी। यूनिट ने परिजनों से संपर्क कर युवती को घर पहुंचाया।

### महिला को कॉल कर छेड़खानी, अश्लील फोटो अपराध दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक नवविवाहिता राज्य टूरिज्म बोर्ड में काम करने वाली महिला ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ मोबाइल पर कॉल कर अश्लील बातें करने तथा गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पास 30 अप्रैल से लेकर सोमवार के बीच अज्ञात मोबाइल धारक वाट्स एप पर अश्लील फोटो पोस्ट करने के साथ अश्लील बातें कर रहा है। विरोध करने पर मोबाइल धारक महिला को गाली-गलौज कर धमकी दे रहा। महिला देवपुरी स्थित हर्ष विला में रहती है। दो माह पूर्व उसकी शादी हुई है।

### व्हीलचेयर सर्विस इंटरमीडिएट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**रायपुर।** मोटिवेशन इंडिया एवं आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट की ओर से 5 दिवसीय व्हीलचेयर सर्विस इंटरमीडिएट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए बेहतर व्हीलचेयर सेवा प्रदान करना तथा संबंधित कार्यकर्ताओं को उन्नत स्तर का प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के व्हीलचेयर सर्विस इंटरमीडिएट लेवल के मानकों के अनुसार सेवाएं प्रदान करने की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से रेफरल कैसे तैयार किया जाता है, इस विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष केके नायक, डॉ. नितिन धाबालिया, सुधाकर, सुरभि अग्रवाल, नंदिनी श्रीनिवासन, प्रशांत कोनाई आदि उपस्थित रहे।

# जिले में रोजगार मेला आज को, 186 पदों पर होगी भर्ती

## लाईवलीहुड कॉलेज सकरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा 6 मई को लाईवलीहुड कॉलेज सकरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार मेला में कुल 186 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 5 नियोजक एक्स्ट्रा एडनरी स्कूल (पं. बंशराज तिवारी मल्टी पर्पस सोसायटी) बलौदाबाजार द्वारा शिक्षक के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर अंग्रेजी माध्यम बीएड, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार रूपये देय होगा। स्काई ऑटोमोबाइल (नेक्सा) बलौदाबाजार द्वारा रिलेशनशिप(सेल्स) के 4 पद, रिसेप्शनिस्ट के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 से 25 वर्ष, वेतन 10 हजार रूपये देय होगा। कार्यक्षेत्र कसडोल, बलौदाबाजार होगा।

इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति, रोजगार पंजीयन, जाति, निवास, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते हैं।




### प्रमुख नियोजक एवं पद विवरण

अलर्ट सिक्योरिटी प्रा.लि. रायपुर द्वारा सहायक सुपरवाईजर के 20 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 8 पद, टेंडर के 2 पद, मार्केटिंग के 8 पद, शैक्षणिक योग्यता 8वीं से उच्च एवं अनुभव 0 से 2 वर्ष, उम्र 18 से 45 वर्ष, वेतन 10 हजार से 25 हजार रूपये पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। सार्थक क्रिएटिव ऑर्गनाइजेशन रायपुर द्वारा मैनेजर के 5 पद, ट्रेनर के 15 पद, रिसेप्शनिस्ट के 5 पद, मोबाईलाइजर के 5 पद, प्रिंसिपल के 3 पद, टीचर के पद 10 पद, योग्यता स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, पीएचडी, नेट एवं उच्च शिक्षा उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 से 5 वर्ष, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 8 हजार से 17 हजार रूपये पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा होगा। स्वतंत्र माइक्रो फायनेंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर के 30 पद, कलेक्शन ऑफिसर के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से उच्च उत्तीर्ण, उम्र 18 से 30 वर्ष, वेतन 10 हजार से 12 हजार दो सौ रुपये पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र भाटापारा, अकलतरा, सिमगा, बेमेतरा, आरंग होगा।मेला में भाग लेने हेतु आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य हैं। इच्छुक आवेदक छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प वेबसाइट के माध्यम से अपना रोजगार पंजीयन एवं रोजगार हेतु आवेदन कर रोजगार मेंला में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

## सुशासन तिहार : ग्राम मोपर में विशाल समाधान शिविर का आयोजन

# शिवरतन ने सुनीं जनसमस्याएं, बिजली-पानी की शिकायतों पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने सोमवार को "सुशासन तिहार 2026" के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के मोपर ग्राम में आयोजित समाधान शिविर में हिस्सा लेकर आमजन से सीधा संवाद किया। शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हुए तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों से कहा की गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकांश शिकायतें जल और विद्युत आपूर्ति से संबंधित रहीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शिवरतन शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को पानी और बिजली की कोई परेशानी न हो, इसके लिए प्राथमिकता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शिवरतन शर्मा ने शिविर को सम्बोधित कर कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार जनसरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। जनहित में चलाए जा रहे समाधान शिविरों से जनता को त्वरित राहत मिल रही है। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है, और इस प्रकार के शिविर संवाद का माध्यम बनकर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिकों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनता से अपील करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वे अपनी समस्याओं को बेहिचक साझा करें ताकि उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



### ये रहे शामिल

शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप समाधान शिविर का आयोजन कर शासन-प्रशासन को जनता के द्वार और उनके समीप लाना है। इस कार्यक्रम में राकेश तिवारी, सविता अनंत, भोला वर्मा, महाबल बघेल, पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, संकेत अग्रवाल, प्रदीप अनंत, भारती वर्मा, राकेश वर्मा, ठाकुर राम साहू, गोलू देवांगन, राम कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ हिमांशु वर्मा, बीईओ मुकेश देवांगन, तहसीलदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण-कर्मचारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### असंगठित कामगार कांग्रेस ने 8 घंटे काम और 25 हजार न्यूनतम वेतन की उठाई आवाज

**सिमगा।** 1 मई मजदूर दिवस पर देशभर के मजदूरों के अधिकारों की रक्षा को लेकर नई श्रमिक क्रांति की शुरुआत का आह्वान किया गया है। यह दिन मेहनतकश वर्ग के सम्मान, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता और 8 घंटे कार्य दिवस के सिद्धांत का प्रतीक माना जाता है। 1886 में अमेरिका के शिकागो में हुए ऐतिहासिक श्रमिक आंदोलन को याद करते हुए नेताओं ने कहा कि शहीदों की कुर्बानी के कारण ही आज काम के घंटे तय हो पाए हैं।



अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कहा कि आज भी मजदूरों का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है, बल्कि उसका स्वरूप बदल गया है। 1991 के बाद निजीकरण की नीतियों के चलते स्थायी नौकरियों की जगह ठेका प्रणाली को बढ़ावा मिला है, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेका मजदूरों को न नौकरी की सुरक्षा मिलती है, न ही उचित वेतन और सुविधाएं। एक ही काम के लिए स्थायी कर्मचारी को जहां 25 हजार रुपये तक वेतन मिलता है, वहीं ठेका मजदूर को 10-12 हजार रुपये देकर काम कराया जा रहा है। इसके अलावा पी एफ, इएसआई, बोनस, ग्रेच्युटी और पेड लीव जैसी सुविधाओं से भी उन्हें वंचित रखा जाता है। कई जगह 12-14 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जबकि ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं किया जाता।

# सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का निराकरण विशेष लोक अदालत में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है, जिसका समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा।

- पक्षकारों को सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर 31 मई तक भरना होगा गूगल फॉर्म

समाधान समारोह का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाते हुए पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवादों के समाधान का अवसर प्रदान करना है। अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं संबंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और सहमति आधारित समाधान को बढ़ावा देने की अपील की गई है। सुलह बैठकों में पक्षकार व्यक्तिगत रूप से अथवा वर्चुअल माध्यम से भी शामिल हो सकते हैं। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थों एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल कराने के लिए इच्छुक पक्षकारों को सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म भरना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

### त्वरित समाधान पर रहेगा विशेष जोर

इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित निराकरण किया जाएगा। इसके लिए राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण समितियों के मध्यस्थता केंद्रों में पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। सुलह वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है।

# डॉ. अरुण छाबड़ा का टाटीबंध गुरुद्वारा में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रामगढ़ि सेवक सभा टाटीबंध गुरुद्वारा रायपुर द्वारा सिख कौम के महान जनरैल महाराजा सरदार जस्सा सिंह जी रामगढ़ि के जन्मदिवस पर कीर्तन समागम पर आयोजित कार्यक्रम में गुरूद्वारा के प्रधान सरदार बलदेव सिंह भुई हरपाल सिंह भांमरा ओंकार सिंह मलकीत सिंह एवं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा किरण एवेंट फ्युजनं वेलफेयर फाउण्डेशन के चेयरमैन डा,अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को मानव सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया।



गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में भी कई समाज सेवी संस्थाएं एवं मानद उपाधि डॉक्टरोट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में अपने स्वर्गवाशी पिता की पुण्यतिथि में विगत 9 बर्ष से शव वाहन स्वर्ग रथ की अत्यावश्यक नि शुल्क सेवा अपनी पहचान बनाई है तथा लगातार नारी शक्ति शिखर सम्मेलन, ब्लड डोनेशन कैंप, संमर कैंप,पर्यावरण, सामाजिक धार्मिक साहित्यिक शिक्षा खेल-कूद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जुड़ो कराटे, सैल्फ डिफेंस, परीक्षा की तैयारी कैसे करें,व्यक्तिव का विकास, अभियान, सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनके सम्मानित होने पर हरपाल सिंह भांमरा, नितिन भंसाली, दलजीत सिंह चावला, लवली अरोरा, बलजीत सिंह चावला गुरु भेज सिंह बलजीत सिंह भल्ला, मनमीत सिंह, रंजीत अरोरा, गुरुचरण सिंह, गुरुभेज सिंह टोनी, नीकू सलूजा, सोनू सलूजा, राजकुमार मल, देवेन्द्र भृगु,अजय गुप्ता, सुधीर मिश्रा, रूपेश मिश्रा, आलोक मोदी, कैलाश बालानी, तंजीव अरोरा, अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी, हर भगवान छाबड़ा, त्रिलोक सिंह सलुजा, हरमिंदर सिंह चावला, देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, राजा टूटेजा, मंजीत छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, लक्की छाबड़ा पूर्वाशं छाबड़ा, गुलशन वर्मा, सुरज शर्मा, बलवंत छाबड़ा, विक्की सलूजा, मनजीत सिंह सप्पल, अमरजीत सलूजा, नरिन्दर सिंह बाली, रघबीर मक्कड़, राजकुमार छाबड़ा ने बधाई दी।

# 12वीं बोर्ड के टॉपर जिज्ञासु की सराहना

**बलौदाबाजार।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं जिले के लिए गर्व का विषय है कि सरस्वती शिशु मंदिर पलारी के छात्र जिज्ञांशु वर्मा ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 98.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिज्ञांशु, नरेंद्र वर्मा एवं महेश्वरी वर्मा के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, समाज और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बलौदाबाजार राज की राज प्रधान सुनीता वर्मा ने सामाजिक बंधुओं के साथ छात्र एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिज्ञांशु की उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव सहयोग करता रहेगा। इस अवसर पर लेखराम वर्मा, रघुनंदन बघमार, भानु वर्मा, सरिता नायक, पवन वर्मा एवं मंतराम वर्मा सहित समाज के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी जिज्ञांशु वर्मा को शुभकामनाएं दीं।



# जनता की अटूट आस्था का प्रतीक है यह जीत

**भाटापारा।** पूर्वोत्तर के द्वार असम में पुनः कमल खिलने, दक्षिण भारत के प्रवेशद्वार पुडुचेरी में भाजपा की भव्य विजय तथा पश्चिम बंगाल में पार्टी के ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व प्रदर्शन पर जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा कि यह विजय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व, दूरदर्शी नीतियों एवं अंत्योदय के संकल्प की जीत है। यह जनादेश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर देश की जनता की अटूट आस्था का प्रतीक है। असम एवं पुडुचेरी की जनता ने डबल इंजन सरकार चुनकर विकास, सुशासन और स्थिरता पर मुहर लगाई है।



उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिला प्रचंड जनसमर्थन यह स्पष्ट संदेश देता है कि बंगाल की जनता तुष्टिकरण, हिंसा एवं भ्रष्टाचार की राजनीति से मुक्ति चाहती है। माँ दुर्गा की धरती पर कमल के फूल का खिलना अब दूर नहीं। यह बढ़त लोकतंत्र के उत्सव में राष्ट्रवाद की विजय का शंखनाद है।

### जिला जेल से मोटर सायकल चोरी

**महासमुंद।** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम स्थित बेमचा जेल परिसर से बाइक चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। मामले को लेकर जिला जेल प्रहरी ने एफआईआर में बताया है कि जिला जेल की शासकीय मोटर सायकल क्र. सीजी 02 3241 2 मई 2026 की शाम लगभग 04.15 बजे के बाद से वाहन स्टैंड से चोरी हो गई।

## स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक बलौदाबाजार के निर्माण तक का सफर

# जनसेवा, न्याय और विकास के पर्याय थे : पं. बंशराज तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ की राजनीतिक, सामाजिक और न्यायिक चेतना को नई दिशा देने वाले पंडित बंशराज तिवारी का जीवन जनसेवा, संघर्ष और सिद्धांतों का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। 6 मई 1925 को पं. महावीर प्रसाद तिवारी के पुत्र के रूप में जन्मे बंशराज तिवारी ने प्रारंभिक जीवन में ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया। बाल्यावस्था में पिता के निधन के बाद उन्होंने जिम्मेदारियों के बीच अपनी शिक्षा पूरी की। युवावस्था में ही पटेल पद संभालने के बाद वर्ष 1940 में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ने के लिए त्यागपत्र दे दिया। बाद में समाजवादी कांग्रेस पार्टी से जुड़कर उन्होंने सक्रिय राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। अधिवक्ता के रूप में पं. तिवारी ने न्याय को केवल कानूनी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ा। बलौदाबाजार बार एसोसिएशन के सचिव रहते हुए उन्होंने बलौदाबाजार को जिला बनाने तथा छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को विभिन्न मंचों पर मजबूती से उठाया।




### 20 वर्षों से निःशुल्क चिकित्सा शिविर

पारिवारिक जीवन में भी उन्होंने सेवा, समर्पण और त्याग के मूल्यों को आगे बढ़ाया। उनकी पत्नी चंद्रा देवी के साथ परिवार ने सामाजिक सरोकारों को निरंतर आगे बढ़ाया। उनके निधन के बाद भी परिवार द्वारा पिछले 20 वर्षों से निःशुल्क रोग निदान शिविर आयोजित कर हजारों लोगों का उपचार कराया जा रहा है।पं. बंशराज तिवारी का संपूर्ण जीवन जनकल्याण और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। जनसेवा, न्यायप्रियता और विकास के प्रति उनका योगदान क्षेत्र की स्मृतियों में सदैव जीवित रहेगा।

### न्याय और पृथक छत्तीसगढ़ के पैरोकार

आपातकाल के दौर में जब लोकतांत्रिक मूल्यों पर संकट आया, तब उन्होंने निर्भीक होकर विरोध दर्ज कराया। राजद्रोह जैसे गंभीर आरोपों का सामना करते हुए वे रायपुर सेंट्रल जेल में मधु लिमये और जॉर्ज फर्नांडिस जैसे राष्ट्रीय नेताओं के साथ निरुद्ध रहे। इस संघर्ष ने उन्हें एक प्रखर वक्ता और जननेता के रूप में स्थापित किया। वर्ष 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर वे बलौदाबाजार से विधायक निर्वाचित हुए। मुख्य सचेतक के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कराए। शिवनाथ नदी से जल प्रदाय योजना, अतिरिक्त सत्र न्यायालय की स्थापना, निजी महाविद्यालय का शासकीयकरण, टेलीफोन एक्सचेंज एवं डाकघर की स्थापना, अस्पताल विस्तार सहित सड़क, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

